# RPSC 2021 प्रारंभिक परीक्षा प्रश्नपत्र

149 प्रश्न

इस PDF में केवल प्रश्न हैं। इसमें उत्तर कुंजी अथवा व्याख्या सम्मिलित नहीं है।

प्रत्येक प्रश्न के उत्तर एवं व्याख्या वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध हैं: https://www.unlockias.in/ras-2021-prelims-question-paper-hindi

---

**Q1. रूमा देवी के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**

(1) उन्हें हस्तशिल्प के क्षेत्र में जाना जाता है।
(2) वे जसरापुर (खेतड़ी) गाँव में पली – बढ़ी।
(3) उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा 2018 में 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
(4) उन्होंने हजारों महिलाओं को रोजगार बढ़ावा देने में अहम भागीदारी निभाई।

**Q2. बखनाजी, संतदास जी, जगन्नाथ दास और माधोदास नामक संतों का संबंध निम्नलिखित में से किस सम्प्रदाय के साथ था?**

(1) दादू पंथ
(2) लालदासी सम्प्रदाय
(3) जसनाथी सम्प्रदाय
(4) रामस्नेही सम्प्रदाय

**Q3. सूची–I एवं सूची–II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची–I**
**(त्यौहार)**
**(A) बूंदी की कजली तीज**
**(B) होली**
**(C) पर्युषण पर्व**
**(D) गणगौर**
**सूची–II**
**(उत्सव की तिथि/माह)**
**(i) भाद्रपद कृष्ण तृतीया**
**(ii) फाल्गुन पूर्णिमा**
**(iii) भाद्रपद माह**
**(iv) चैत्र माह**
**कूट –**

(1) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(2) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(3) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(4) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

**Q4. निम्नलिखित में से कौन – कौन से सिद्धांत जैन धर्म से संबंधित हैं?**
**(i) अनेकान्तवाद**
**(ii) सर्वस्तिवाद**
**(iii) शून्यवाद**
**(iv) स्यादवाद**
**नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए –**

(1) (i) एवं (iv)
(2) (ii) एवं (iv)
(3) (i), (ii) एवं (iii)
(4) (ii) एवं (iii)

**Q5. राजस्थान के रीति – रिवाजों में 'आंणौ' क्या है?**

(1) कुँआ पूजन
(2) दुल्हन के परिवार द्वारा वर की बारात का डेरा देखने जाना
(3) विवाह के पश्चात् दुल्हन को दूसरी बार ससुराल भेजना
(4) जलझूलनी की एकादशी पूजा

**Q6. सूची–I एवं सूची–II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची–I**
**(A) हावड़ा षड्यंत्र केस**
**(B) लाहौर षड्यंत्र केस**
**(C) दिल्ली षड्यंत्र केस**
**(D) अलीपुर षड्यंत्र केस**
**सूची–II**
**(i) मास्टर अमीचंद (अमीरचंद)**
**(ii) अरविन्द घोष**
**(iii) जतिन्द्रनाथ मुखर्जी**
**(iv) राजगुरु**
**कूट –**

(1) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(2) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(3) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(4) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

**Q7. विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1871 ई. में राजमुन्द्री सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन स्थापित किया गया था –**

(1) वीरेंशलिंगम द्वारा
(2) के. रामकृष्ण पिल्लई द्वारा
(3) के. टी. तेलंग द्वारा
(4) गोपालाचारियार द्वारा

**Q8. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंन्स की स्थापना बैंगलोर में कब और किनके प्रयासों से हुई?**

(1) 1917, प्रफुल्ल चंद राय
(2) 1930, जे. सी. बोस
(3) 1909, जमशेदजी टाटा
(4) 1911, मेघनाद साहा

**Q9. उस क्रांतिकारी महिला का नाम बताइये जिसने बिजौलिया किसान आन्दोलन में भाग लिया और उसे गिरफ्तार किया गया तथा 1930 के सत्याग्रह और 1932 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लिया और जेल गई –**

(1) रमा देवी
(2) रतन शास्त्री
(3) अंजना देवी चौधरी
(4) किशोरी देवी

**Q10. सूची–I एवं सूची–II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची–I**
**(तीर्थंकर)**
**(A) पार्श्वनाथ**
**(B) आदिनाथ**
**(C) महावीर**
**(D) शांतिनाथ**
**सूची–II**
**(उनके संज्ञान)**
**(i) वृषभ**
**(ii) सिंह**
**(iii) सर्प**
**(iv) हिरण**
**कूट –**

(1) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)
(2) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(3) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(4) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)

**Q11. जोधपुर नरेश मानसिंह की रानी भटियाणी प्रतापकुँवरी ने अपने द्वारा बनाय गये मंदिर को पुनः अन्यत्र बनवाया, क्योंकि पहले वाला मंदिर जमीन में धंस गया था, और उसने उसकी प्राण प्रतिष्ठा 1857 में कराई। उस मंदिर का नाम है –**

(1) कुंज बिहारी मंदिर
(2) महामंदिर
(3) घनश्यामजी का मंदिर

(4) तीजा मांजी का मंदिर

**Q12. मौर्य कालीन मूर्तियों में, मणिभद्र (यक्ष) नाम से अंकित मूर्ति किस स्थान से प्राप्त हुई है?**

(1) झींग–का–नगरा
(2) नोह ग्राम
(3) बेसनगर
(4) परखम

**Q13. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान, कनकलता बरूआ नामक एक कन्या ने जनता का एक जुलूस निकाला और पुलिस की परवाह न करते हुए थाने में घुसने के प्रयास में गोली खाई। यह घटना किस स्थान की है?**

(1) सोनितपुर
(2) मिदनापुर
(3) कोरापुर
(4) गोहपुर

**Q14. निम्नलिखित में कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
**पुस्तकें – लेखक**
**(A) नेह तरंग – सवाई प्रतापसिंह**
**(B) नागदमण – सांयाजी झूला**
**(C) रणमल छन्द – श्रीधर व्यास**
**(D) भाषा भूषण – महाराजा जसवंत सिंह**

(1) A
(2) C
(3) B
(4) D

**Q15. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची–I**
**(A) व्रीही**
**(B) मुद्र**
**(C) यव**
**(D) इक्षु**
**सूची–II**
**(i) गन्ना**
**(ii) चावल**
**(iii) मूंग**
**(iv) जौ**
**कूट –**

(1) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(2) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(3) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(4) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

**Q16. बयाना दुर्ग स्थित वरिक विष्णुवर्धन विजय स्तम्भ किस काल का माना जाता है?**

(1) सल्तनत काल
(2) मुगल काल
(3) मौर्य काल
(4) गुप्त काल

**Q17. आहड़ सभ्यता के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए –**
**(A) आहड़वासी तांबा गलाना जानते थे।**
**(B) ये लोग चावल से परिचित नहीं थे।**
**(C) धातु का काम आहड़वासियों की अर्थव्यवस्था का एक साधन था।**
**(D) यहाँ से काले – लाल रंग मद्भाण्ड मिले हैं, जिन पर सामान्यतः सफेद रंग से ज्यामितीय आकृतियाँ उकेरी गई हैं।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए –**

(1) A, C एवं D सही हैं
(2) A एवं B सही हैं
(3) A, B एवं C सही हैं
(4) C एवं D सही हैं

**Q18. सेन्ट्रल इलेक्ट्रोकेमिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट की स्थापना अलगप्पा चेटियार, डॉ. शांति स्वरूप भटनागर एवं पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रयासों से कहाँ और कब की गई?**

(1) लखनऊ, 1951
(2) कराईकुड़ी, 1953
(3) चेन्नई, 1948
(4) शिवगंगा, 1953

**Q19. 'टोटी' आभूषण शरीर के किस हिस्से में पहना जाता है?**

(1) नाक
(2) हाथ
(3) कटि
(4) कान

**Q20. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची-I**
**(A) गागरोण का युद्ध**
**(B) सारंगपुर का युद्ध**
**(C) सुमेल का युद्ध**
**(D) साहेबा का युद्ध**
**सूची-II**
**(i) 1519 ई.**
**(ii) 1544 ई.**
**(iii) 1437 ई.**
**(iv) 1541- 42 ई.**
**कूट –**

(1) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(2) A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)
(3) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)
(4) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

**Q21. राजस्थान में कहाँ, 'वैदिक यंत्रालय' छापाखाना स्थापित किया गया था?**

(1) जोधपुर
(2) उदयपुर
(3) अजमेर
(4) जयपुर

**Q22. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची-I**
**(लोक वाद्य यंत्र)**
**(A) भपंग**
**(B) नड़**
**(C) अलगोज़ा**
**(D) खड़ताल**
**सूची-II**
**(प्रख्यात कलाकार)**
**(i) सदीक खाँ**
**(ii) ज़हूर खाँ**
**(iii) कर्णा भील**
**(iv) रामनाथ चौधरी**
**कूट –**

(1) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)
(2) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(3) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(4) A-(ii), B-(i), C-(iii), D-(iv)

**Q23. निम्न कथनों पर विचार कीजिये और दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये –**
**कथन 1 : विजयनगर के शासक कृष्णदेवराय ने अमुक्तामाल्यद ग्रंथ की रचना की।**
**कथन 2 : कृष्णदेवराय को आन्ध्र भोज के नाम से भी जाना जाता है।**
**कथन 3 : उनके दरबार को अल्लसानी पेड्डना नामक राजकवि सुशोभित करता था, जो संस्कृत एवं तमिल दोनों भाषाओं का ज्ञाता था।**
**कूट –**

(1) कथन 1 सही है
(2) कथन 2 सही है
(3) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं
(4) सभी तीनों कथन सही हैं

**Q24. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी कहाँ अवस्थित है?**

(1) बीकानेर
(2) जयपुर
(3) उदयपुर
(4) जोधपुर

**Q25. समाचार पत्र 'मज़हरूल सरूर' कहाँ से और कब प्रकाशित हुआ?**

(1) भरतपुर, 1849
(2) जयपुर, 1856
(3) अजमेर, 1840
(4) उदयपुर, 1879

**Q26. भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति का सही क्रम है –**

(1) बी.पी. सिन्हा, पी.बी. गजेन्द्रगडकर, एस.आर. दास
(2) के.जी. बालकृष्णन, एस.एच. कापड़िया, एच.एल.दत्तु
(3) रंजन गोगोई, एन. वी. रमण, दीपक मिश्रा
(4) एच.एल. दत्तु, टी.एस. ठाकुर, जगदीश सिंह खेहर

**Q27. राज्य विधान परिषद् के उत्सादन के लिए राज्य विधानसभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 169 के अंतर्गत स्वीकृत संकल्प के बारे में निम्नांकित में से कौनसा कथन सही है?**

(1) राज्यपाल पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।
(2) केन्द्र सरकार पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें।
(3) राज्यपाल पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।
(4) केन्द्र सरकार पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें।

**Q28. 'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों' के अनुसार निम्नांकित में से कौन से विभाग के प्राक्कलन, प्राक्कलन समिति 'क' के नियंत्रणाधीन नहीं है?**

(1) सार्वजनिक निर्माण विभाग
(2) गृह विभाग
(3) शिक्षा विभाग
(4) वित्त विभाग

**Q29. राजस्थान लोक सेवा आयोग अपने कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है –**

(1) विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष
(2) राष्ट्रपति के समक्ष
(3) राज्यपाल के समक्ष
(4) मुख्य सचिव के समक्ष

**Q30. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद् में अधिकतम कितने व्यक्ति नाम निर्दिष्ट किये जा सकते हैं?**

(1) 10
(2) 12
(3) 8
(4) 6

**Q31. निम्नलिखित में से नागरिक अधिकार पत्र के मूल तत्व में कौन सम्मिलित नहीं है?**

(1) विभाग अथवा अभिकरण द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का विवरण
(2) सेवाओं का लाभ उठाने के लिए विभिन्न विधियों को प्रचारित करना
(3) किसी लोक अभिलेख की अपेक्षा
(4) अभिकरण के कार्य के निरीक्षण का प्रावधान

**Q32. राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को पहली बार जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थापना निम्नांकित में से किस वर्ष की गई थी?**

(1) 2021
(2) 2013
(3) 2009
(4) 2018

**Q33. राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन लोक सभा के सदस्य नहीं रहे हैं?**
**(A) हरिदेव जोशी**
**(B) भैरों सिंह शेखावत**
**(C) टीकाराम पालीवाल**
**(D) बरकतुल्लाह खान**
**सही उत्तर है –**

(1) (A), (B), (C) और (D)
(2) केवल (A) और (B)
(3) केवल (B), (C) और (D)
(4) केवल (A), (B) और (D)

**Q34. निम्नांकित में से कौन राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अधिकृत है?**

(1) मुख्य सचिव स्तर का अधिकारी
(2) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(3) प्रमुख समाज सेवी व्यक्ति
(4) पुलिस महानिदेशक स्तर का अधिकारी

**Q35. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा को संशोधित कर 'ग्राम सेवक' के स्थान पर 'ग्राम विकास अधिकारी' अभिव्यक्ति को प्रतिस्थापित किया गया है?**

(1) 88
(2) 89
(3) 91
(4) 90

**Q36. कथन (A) : नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कर्तव्य न केवल व्यय की वैधता सुनिश्चित करना है अपितु औचित्य भी है।**
**कारण (R) : उसे वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में संविधान और संसद के कानूनों को बनाए रखना है।**

(1) (A) गलत है लेकिन (R) सही है
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है
(3) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

**Q37. सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –**
**सूची–I**
**संविधान सभा समिति**
**(A) मूल अधिकार**
**(B) कार्य संचालन**
**(C) संघ शक्ति**
**(D) प्रारूप**
**सूची–II**
**अध्यक्ष**
**(i) बी. आर. अम्बेडकर**
**(ii) जवाहरलाल नेहरू**
**(iii) के. एम. मुंशी**
**(iv) सरदार पटेल**
**कूट –**

(1) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(2) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)
(3) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)
(4) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

**Q38. राजस्थान में लोकायुक्त के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?**
**(A) वह राज्यपाल द्वारा नियुक्त एवं विधानसभा के प्रति उत्तरदायी होता है।**
**(B) उसका क्षेत्राधिकार मंत्रियों, राज्य विधानसभा के सदस्यों एवं उच्च लोक सेवकों तक फैला है।**
**(C) वह भ्रष्टाचार एवं कु–प्रशासन के मामलों पर विचार करता है।**
**(D) उसका कार्य आरोपों की जाँच करना है, न कि शिकायतों की।**
**कूट :**

(1) (A) एवं (C)
(2) (A) एवं (D)
(3) (A), (B) एवं (C)
(4) (A), (B), (C) एवं (D)

**Q39. भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 के तहत, राष्ट्रपति लोकसभा सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित किसी भी प्रश्न पर कोई निर्णय देने से पूर्व निम्नांकित में से किसकी राय लेगा?**

(1) लोकसभाध्यक्ष
(2) निर्वाचन आयोग
(3) उच्चतम न्यायालय
(4) महान्यायवादी

**Q40. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग से संबंधित कौन से संविधान संशोधन अधिनियम को उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने असंवैधानिक घोषित कर दिया था?**

(1) 98वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(2) 97वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(3) 99वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(4) 100वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

**Q41. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की कौनसी विशेषता गलत है?**

(1) योजना के अंतर्गत विभिन्न बीमारियों के 1576 प्रकार के पैकेजेस एवं प्रोसीजर्स उपलब्ध हैं।
(2) मरीज़ जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 10 दिन बाद तक अस्पताल में की गई जाँचों, दवाईयों एवं परामर्श शुल्क का व्यय पैकेज की राशि में सम्मिलित है।
(3) इसकी शुरुआत 1 मई, 2021 से की गई।
(4) इस योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों हेतु 4.50 लाख ₹ की राशि का बीमा कवर प्रतिवर्ष प्रति परिवार देय है।

**Q42. राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान से संबंधित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए –**
**(i) राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान का गठन दिसम्बर, 1994 में हुआ।**
**(ii) इसका एक सचिव होता है जो राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी होता है।**
**कूट :**

(1) केवल (i) सही है
(2) केवल (ii) सही है
(3) (i) और (ii) दोनों सही हैं
(4) न तो (i) और न ही (ii) सही है

**Q43. राजस्थान सरकार द्वारा अभी हाल में, घोषित 'उड़ान' योजना की गलत विशेषता चिन्हित कीजिए –**

(1) इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी महिलाओं को 19 नवम्बर, 2021 से सेनेटरी नैपकिन निःशुल्क मिलेंगे
(2) यह योजना 19 नवम्बर, 2021 से लागू होगी
(3) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर दो और जिला स्तर पर एक ब्रांड एम्बेसेडर बनाए जायेंगे
(4) इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना है

**Q44. विशाखा व अन्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य मुकदमा संबंधित है –**

(1) महिलाओं की तबादला नीति से
(2) कामकाजी महिलाओं के मातृत्व अवकाश से
(3) समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के प्रचलन की रोकथाम से
(4) कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम से

**Q45. गुरुमुख निहाल सिंह को राजस्थान का प्रथम राज्यपाल नियुक्त किया गया था –**

(1) 2 नवम्बर, 1956 को
(2) 25 अक्टूबर, 1956 को
(3) 1 नवम्बर, 1956 को
(4) 26 अक्टूबर, 1956 को

**Q46. संविधान में मूल कर्तव्यों को जिसकी सिफारिश पर सम्मिलित किया गया, वह हैं –**

(1) स्वर्ण सिंह समिति
(2) शाह आयोग
(3) प्रशासनिक सुधार आयोग
(4) संथानम समिति

**Q47. राजस्थान उच्च न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीशों में से कौन राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री के पद पर आसीन रहे हैं?**

(1) जस्टिस मोहम्मद यामीन
(2) जस्टिस सूरज नारायण डीडवानिया
(3) जस्टिस फारूख़ हसन
(4) जस्टिस यादराम मीणा

**Q48. भारत के संविधान में वर्णित नीति निदेशक तत्वों का सुमेलित युग्म पहचानिए –**

(1) समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता – अनुच्छेद 42
(2) कृषि और पशुपालन का संगठन – अनुच्छेद 43
(3) ग्राम पंचायतों का संगठन – अनुच्छेद 41
(4) पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो – अनुच्छेद 39

**Q49. निम्नलिखित में से किसने कहा था, "एक संविधान एक मशीन की तरह बेजान चीज़ है, इसमें वे लोग जीवन फूंकते हैं जो इसका नियंत्रण करते हैं, भारत में बस कुछ ईमानदार लोगों की आवश्यकता है जिनके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि हैं"?**

(1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(2) जवाहर लाल नेहरू
(3) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(4) महात्मा गांधी

**Q50. सूचना के अधिकार अधिनियम के उद्देश्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है?**

(1) सरकार के कार्यकरण में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को बढ़ाना
(2) हमारे लोकतंत्र को ऐसा बनाना ताकि वह वास्तव में लोगों के लिए काम करें
(3) समाज की महिलाओं एवं कमज़ोर तबकों (वर्गों) को सशक्त करने के लिए काम करना
(4) नागरिकों को सशक्त करना

**Q51. निम्न में से किस जिले में, उप-उष्ण पर्वतीय वन पाए जाते हैं?**

(1) सिरोही
(2) उदयपुर
(3) बांसवाड़ा
(4) झालावाड़

**Q52. कौन से वर्ष में राजस्थान सौर ऊर्जा नीति घोषित की गई थी?**

(1) 2015
(2) 2017
(3) 2019
(4) 2018

**Q53. निम्न में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**
**झील – देश**
**(A) बाल्खश (बाल्काश) – कज़ाख़स्तान**
**(B) टिटीकाका – बोलीविया-पेरू**
**(C) ईरी – यू.एस.ए.-कनाडा**
**(D) बैकाल – यूक्रेन**

(1) B
(2) C
(3) A
(4) D

**Q54. निम्न में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

(1) डेट्रॉयट – ऑटोमोबाइल
(2) गोरनाया शोरिया – सूती वस्त्र
(3) अन्शान – लोहा एवं इस्पात
(4) योकोहामा – जलपोत निर्माण

**Q55. गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र किस जिले में स्थित है?**

(1) पाली
(2) चूरू
(3) नागौर
(4) जालौर

**Q56. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट में से कीजिए –**
**सूची–I (पर्यटक स्थल)**
**(A) लालगढ़**
**(B) त्रिपुर सुन्दरी**
**(C) गागरोन किला**
**(D) नाकोड़ा**
**सूची–II (स्थिति)**
**(i) झालावाड़**
**(ii) बाड़मेर**
**(iii) बीकानेर**
**(iv) बांसवाड़ा**
**कूट –**

(1) A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii)
(2) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(3) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(4) A-(iii), B-(ii), C-(i), D-(iv)

**Q57. निम्नलिखित विशेषताएं किस नदी की हैं?**
**– इसका उद्गम कुम्भलगढ़ किले के निकट अरावली पहाड़ियों से है।**
**– यह नदी मेवाड़ के मैदान के मध्य से गुजरती है।**
**– बेडच, कोठारी व मोरेल इसकी सहायक नदियाँ हैं।**

(1) बनास
(2) लूनी
(3) चम्बल
(4) माही

**Q58. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार निम्न में से कौन से सही सुमेलित हैं?**
**(A) Cwg - भरतपुर**
**(B) Bwhw - बाड़मेर**
**(C) Bshw - गंगानगर**
**(D) Aw - डूंगरपुर**

(1) (A), (C) एवं (D)
(2) (B), (C) एवं (D)
(3) (B) एवं (C)
(4) (A) एवं (D)

**Q59. निम्न में से थार मरुस्थल के भाग हैं?**
**(A) गोड़वाड़ प्रदेश**
**(B) शेखावाटी प्रदेश**
**(C) बनास का मैदान**
**(D) घग्गर का मैदान**

(1) (A) एवं (B)
(2) (B) एवं (C)
(3) (A), (B) एवं (D)
(4) (A), (C) एवं (D)

**Q60. डोडा-बेट्टा चोटी स्थित है –**

(1) अन्नामलाई पहाड़ियों में
(2) नीलगिरी पहाड़ियों में
(3) विन्ध्याचल श्रेणी में
(4) सतपुड़ा श्रेणी में

**Q61. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के कौन से जिलों में ग्रामीण और नगरीय लिंगानुपात सर्वाधिक है?**
**ग्रामीण लिंगानुपात – नगरीय लिंगानुपात**
**(A) राजसमन्द – बांसवाड़ा**
**(B) डूंगरपुर – टोंक**
**(C) पाली – चूरू**
**(D) जालौर – नागौर**

(1) B
(2) A
(3) D
(4) C

**Q62. राजस्थान में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का द्वितीय स्थान पर सर्वाधिक प्रतिशत है (2011) -**

(1) बांसवाड़ा जिले में
(2) प्रतापगढ़ जिले में
(3) डूंगरपुर जिले में
(4) दौसा जिले में

**Q63. निम्न में से कौन उत्तर-दक्षिण गलियारे पर स्थित है?**

(1) लखनऊ
(2) आगरा
(3) कोटा
(4) कानपुर

**Q64. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची-I (जिला)**
**(A) उदयपुर**
**(B) नागौर**
**(C) भीलवाड़ा**
**(D) कोटा**
**सूची-II (प्रमुख उद्योग)**
**(i) सफेद सीमेन्ट**
**(ii) रसायन**
**(iii) वस्त्र उद्योग**
**(iv) सीसा एवं जस्ता**
**कूट –**

(1) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(2) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(3) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(4) A-(iv), B-(i), C-(iii), D-(ii)

**Q65. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची-I (नदी)**
**(A) गोदावरी**
**(B) महानदी**
**(C) दामोदर**
**(D) कावेरी**
**सूची-II (सहायक नदी)**
**(i) भवानी**
**(ii) पेनगंगा**
**(iii) शिवनाथ**
**(iv) बाराकर**
**कूट –**

(1) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(2) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

(3) A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
(4) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)

**Q66. निम्न में से कौनसा सही सुमेलित है?**

(1) मैंगनीज – बैलाडीला
(2) बॉक्साइट – लोहरदगा
(3) लोहा – कोडरमा
(4) अभ्रक – तालचेर

**Q67. निम्न में से कौन सा सही सुमेलित है?**
**(A) मांडो-की-पाल – फेल्सपार**
**(B) तलवाड़ा – सीसा एवं जस्ता**
**(C) खेरवाड़ा – एस्बेस्टस**
**(D) ऋषभदेव – अभ्रक**

(1) B
(2) D
(3) A
(4) C

**Q68. 'ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर' राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिलों से गुजरेगा?**

(1) अजमेर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर
(2) जोधपुर, जयपुर, अलवर
(3) उदयपुर, भीलवाड़ा, जयपुर
(4) कोटा, अजमेर, जोधपुर

**Q69. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची–I (स्थान)**
**(A) पावागढ़**
**(B) तातपानी**
**(C) मुपंदल**
**(D) काकरापार**
**सूची–II (ऊर्जा)**
**(i) पवन**
**(ii) सौर**
**(iii) भूतापीय**
**(iv) परमाणु (आण्विक)**
**कूट –**

(1) A-(iii), B-(ii), C-(i), D-(iv)
(2) A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)
(3) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(4) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)

**Q70. सूची–I एवं सूची–II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**
**सूची–I (स्थलाकृति)**
**(A) एकांकागुआ**
**(B) मेसेटा**
**(C) सेरेनगेटी मैदान**
**(D) गिब्सन डेज़र्ट**
**सूची–II (महाद्वीप)**
**(i) आस्ट्रेलिया**
**(ii) अफ्रीका**
**(iii) यूरोप**
**(iv) दक्षिणी अमेरिका**
**कूट –**

(1) A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)
(2) A-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii)
(3) A-(iv), B-(ii), C-(iii), D-(i)
(4) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

**Q71. वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स 2021 में भारत का क्या स्थान है?**

(1) 141
(2) 129
(3) 121
(4) 139

**Q72. औद्योगिक उत्पादन निर्देशांक, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था में औद्योगिक क्रियाओं का मापक है, इसमें क्या सम्मिलित नहीं किया जाता है?**

(1) गैस एवं जलापूर्ति
(2) विद्युत
(3) विनिर्माण
(4) खनन

**Q73. 2021 – 22 के राजस्थान – बजट में विद्युत पर कुल व्यय का प्रस्तावित योजना व्यय का प्रतिशत है –**

(1) 52.19%
(2) 14.32%
(3) 7.42%
(4) 12.05%

**Q74. बाजार मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद है –**

(1) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – विदेश से शुद्ध आय
(2) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – हस्तान्तरण भुगतान
(3) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – मूल्यह्रास
(4) बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद – अनुदान

**Q75. निम्न में से कौन से बजट में, भारत में रेल बजट को केन्द्रीय बजट में मिला दिया गया?**

(1) बजट 2019 – 20
(2) बजट 2018 – 19
(3) बजट 2016 – 17
(4) बजट 2017 – 18

**Q76. राजस्थान में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(1) इस योजना का नारा है 'आपणी योजना आपणो विकास' है।
(2) इस योजना में वित्त पोषण के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के बीच 60:40 के अनुपात में हिस्सेदारी होती है।
(3) इस योजना में विशेष ध्यान जनप्रतिनिधियों एवं कार्मिकों के क्षमता संवर्धन पर है।
(4) पंचायत सशक्तिकरण अभियान का ही नाम बदलकर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान क्रिया गया है।

**Q77. राष्ट्रीय आय लेखांकन में 'आधार वर्ष' का अर्थ है –**

(1) जिस वर्ष की आय का उपयोग मौद्रिक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।
(2) जिस वर्ष की कीमतों का उपयोग मौद्रिक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।
(3) जिस वर्ष की कीमतों का उपयोग वास्तविक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।
(4) जिस वर्ष की आय का उपयोग वास्तविक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।

**Q78. राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं तकनीकी मिशन में वित्त पोषण में राजस्थान सरकार का हिस्सा क्या है?**

(1) 20 प्रतिशत
(2) 40 प्रतिशत
(3) 30 प्रतिशत
(4) 50 प्रतिशत

**Q79. व्यापार सुगमता रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक 2019 में, भारत का कौनसा स्थान रहा?**

(1) 146
(2) 63
(3) 77
(4) 96

**Q80. राजस्थान में सतत् विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्न में से किस विभाग को नोडल विभाग घोषित किया गया है?**

(1) मुख्यमंत्री कार्यालय
(2) उद्योग निदेशालय
(3) आयोजना विभाग
(4) मानव संसाधन विकास विभाग

**Q81. लघु और सीमान्त किसानों को पेंशन के उद्देश्य से "प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना" कब प्रारम्भ की गई?**

(1) 15 अगस्त, 2020
(2) 12 सितम्बर, 2019
(3) 26 जनवरी, 2020
(4) 25 अगस्त, 2019

**Q82. राजस्थान बजट 2021 – 22 के अनुसार, फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना किस जिले में होगी?**

(1) जयपुर
(2) सीकर
(3) जोधपुर
(4) अजमेर

**Q83. 1 अप्रैल, 2020 को भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अटल भू-जल स्कीम में सहायता उपलब्ध करवाने वाली संस्था है –**

(1) विश्व बैंक
(2) पुनर्निर्माण व विकास हेतु यूरोपीय बैंक
(3) अन्तः अमेरिकी विकास बैंक
(4) एशियाई विकास बैंक

**Q84. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला राजस्थान में 'मरु त्रिकोण' का भाग नहीं है?**

(1) जोधपुर
(2) बीकानेर
(3) बाड़मेर
(4) जैसलमेर

**Q85. जनगणना – 2011 के अनुसार, भारत एवं राजस्थान में कार्य सहभागिता दर, क्रमशः कितनी रही?**

(1) 43.6% एवं 41.8%
(2) 39.8% एवं 43.6%
(3) 42.4% एवं 41.8%
(4) 39.8% एवं 36.4%

**Q86. निम्नलिखित में से कौन "आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी है?**

(1) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण
(2) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(3) नीति आयोग
(4) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

**Q87. महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु इंदिरा महिला शक्ति निधि की शुरुआत हुई थी –**

(1) 18 दिसम्बर, 2019
(2) 18 दिसम्बर, 2018
(3) 18 दिसम्बर, 2016
(4) 18 दिसम्बर, 2017

**Q88. अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2020 – 21 में स्थिर कीमतों पर (2011 – 12) राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय है –**

(1) 79,722 ₹
(2) 97,227 ₹
(3) 72,297 ₹
(4) 75,527 ₹

**Q89. आयुष्मान भारत महात्मा गाँधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत नाजुक बीमारी स्वास्थ्य बीमा के स्थिति में प्रति परिवार प्रति वर्ष दी जाने वाली राशि है –**

(1) 3.50 लाख ₹
(2) 4.00 लाख ₹
(3) 4.50 लाख ₹
(4) 3 लाख ₹

**Q90. राजस्थान की 'परवन' बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना निम्न जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी –**

(1) झालावाड़, बारां और कोटा जिला
(2) टोंक, बून्दी और कोटा जिला
(3) कोटा, बून्दी और झालावाड़ जिला
(4) झालावाड़ और भीलवाड़ा जिला

**Q91. 16:9 के चित्र अभिमुखता अनुपात (पिक्चर आस्पेक्ट रेश्यो) के साथ, प्रदर्श विभेदन (डिस्प्ले रिजॉल्यूशन) 1080p का अर्थ है –**

(1) 1080 × 1080 पिक्सेल्स
(2) 1920 × 1080 पिक्सेल्स
(3) 720 × 1080 पिक्सेल्स
(4) 3840 × 1080 पिक्सेल्स

**Q92. राजस्थान का राज्य पुष्प है –**

(1) कचनार
(2) रोहिड़ा
(3) सूरजमुखी
(4) नाग केसर

**Q93. MOEMS का पूर्णरूप है –**

(1) माइक्रो–ऑप्टिक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोर्स
(2) माइक्रो–ऑप्टो–इलेक्ट्रो–मेकेनिकल–सिस्टम्स
(3) मेगा ऑपरेशन्स इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सॉफ्टवेयर
(4) माइक्रो–ऑप्टिक–इलेक्ट्रो–मेकेनिकल सोर्स

**Q94. दुर्दम (मेलिगनेंट) मलेरिया होता है –**

(1) प्लास्मोडियम विवैक्स से
(2) प्लास्मोडियम ओवेल से
(3) प्लास्मोडियम मलेरिये से
(4) प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम से

**Q95. जापानी इन्सेफेलाइटिस का कारक विषाणु मनुष्य शरीर के किस हिस्से को संक्रमित करता है?**

(1) त्वचा
(2) लाल रुधिर कोशिकाएँ
(3) मस्तिष्क
(4) फेफड़े

**Q96. संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सी.एन.जी.) मुख्यतः है –**

(1) एथेन
(2) प्रोपेन
(3) मीथेन
(4) ब्यूटेन

**Q97. कड़कनाथ एक किस्म है –**

(1) साँड की
(2) बकरे की
(3) भैंसे की
(4) मुर्गे की

**Q98. पिछली सदी में वैश्विक औसत तापमान में कितनी वृद्धि हुई है?**

(1) 3.0° F
(2) 1.8° F
(3) 3.4° F
(4) 2.4° F

**Q99. विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग के अधीन कार्यरत राज्य रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर स्थित है –**

(1) झालावाड़ में
(2) अजमेर में
(3) जोधपुर में
(4) जयपुर में

**Q100. क्वांटम डॉट है –**

(1) 1 नैनोमीटर से छोटी नैनो संरचनाओं का इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी प्रतिबिम्ब
(2) रेडियो एन्टीना का नैनोस्केल अनुरूप
(3) एक कल्पित नैनोरोबोट
(4) अर्द्धचालक नैनो संरचना

**Q101. स्टेथोस्कोप में, रोगी की दिल की धड़कन की ध्वनि डॉक्टर के कानों तक पहुँचती है –**

(1) ध्वनि के बहु विवर्तन द्वारा
(2) ध्वनि के बहु परावर्तन द्वारा
(3) ध्वनि के ध्रुवण द्वारा
(4) ध्वनि के बहु अपवर्तन द्वारा

**Q102. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसार, निम्न में से किस एक जिले में, बहुत घना जंगल क्षेत्रफल न्यूनतम है?**

(1) जैसलमेर
(2) जोधपुर
(3) अलवर
(4) जयपुर

**Q103. माता गर्भस्थ शिशु Rh रक्त प्रकार विसंगति की समस्या उत्पन्न हो सकती है, यदि माता ...................... है एवं उसका गर्भस्थ शिशु.................................है।**

(1) Rh सहिंत; Rh हीन
(2) Rh हीन; Rh सहित
(3) Rh हीन; Rh हीन
(4) Rh सहित; Rh सहित

**Q104. ट्राइसोमी 21 को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?**

(1) इवांस सिंड्रोम
(2) एडवर्ड्स सिंड्रोम
(3) डाउन सिंड्रोम
(4) ग्रे बेबी सिंड्रोम

**Q105. राजस्थान में सौर वेधशाला कहाँ स्थित है?**

(1) उदयपुर में
(2) जयपुर में
(3) अजमेर में
(4) जोधपुर में

**Q106. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन का आदर्शवाक्य है –**

(1) जागृतं अहर्निशम्
(2) तेजस्विनावधीतमस्तु
(3) बलस्य मूलं विज्ञानम्
(4) वयं रक्षामः

**Q107. निम्नलिखित में से कौन सा एक जूनोटिक रोग नहीं है?**

(1) म्यूकोरमाइकोसिस
(2) रेबीज
(3) प्लेग
(4) एस.ए.आर.एस. (SARS)

**Q108. निम्न में से कौन से विटामिन्स वसा में घुलनशील हैं?**

(1) C एवं E
(2) A एवं C
(3) A एवं D
(4) $B_{12}$ एवं D

**Q109. निम्न में से कौन सा आवृत्ति बैंड INSAT/GSAT उपग्रह संचार हेतु उपयोग में नहीं लिया जाता है?**

(1) Ka
(2) C
(3) MF
(4) Ku

**Q110. बायोमास का एक उल्टा पिरामिड किस पारिस्थितिकी तंत्र में पाया जा सकता है?**

(1) समुद्री
(2) घास का मैदान
(3) वन
(4) टुंड्रा

**Q111. एक पुस्तक के प्रकाशन में होने वाले व्यय का प्रतिशत वितरण निम्नलिखित पाई चार्ट में दिया गया है – पुस्तकों की विशेष संख्या के लिए यदि रॉयल्टी का भुगतान 22,950 ₹ है, तो प्रिंटिंग पर होने वाला व्यय है –**

(1) 46,250 ₹
(2) 36,250 ₹
(3) 38,250 ₹
(4) 42,250 ₹

**Q112. 1 से 156 तक संख्याओं के मध्य स्थित संख्याओं का जो कि 2, 3, 4 और 6 से विभाज्य है, का समान्तर माध्य होगा –**

(1) 76
(2) 74
(3) 78
(4) 91

**Q113. नीचे दिए गए चित्र में आयत और वर्गों (दोनों) की कुल संख्या है –**

(1) 19
(2) 21
(3) 22
(4) 23

**Q114. एक 6 लड़कियों और 4 लड़कों के समूह में से 4 बच्चों का चयन करना है। कितने अलग–अलग तरीके से उनका चयन किया जा सकता है जबकि उसमें कम से कम एक लड़की अवश्य हो?**

(1) 214
(2) 206
(3) 210
(4) 209

**Q115. जब घड़ी सुबह के 7:45 दिखाती है, तब मिनट की सुई पूर्व की ओर इशारा करती है। 3 घंटे बाद, घंटे की सुई किस दिशा की ओर इशारा करती है?**

(1) पूर्व
(2) पूर्व – दक्षिण
(3) दक्षिण
(4) उत्तर – पूर्व

**Q116. एक आयताकार कमरा 12 मीटर लम्बा, 6 मीटर चौड़ा तथा 4 मीटर ऊँचा है। इसमें दो दरवाजे प्रत्येक 2 मीटर × 1 मीटर के एवं 2 खिड़कियाँ प्रत्येक 1.5 मीटर × 1 मीटर की हैं। यदि दीवारों पर रंग करवाने की दर 15 ₹ प्रति वर्ग मीटर है, तो दीवारों पर रंग करवाने का कुल व्यय है –**

(1) 1955 ₹
(2) 2010 ₹
(3) 2155 ₹
(4) 2055 ₹

**Q117. 3 उम्मीदवारों A, B एवं C के एक चुनावं में, A, B से 50% अधिक वोट प्राप्त करता हैं। A, C को 18,000 वोटों से भी हराता है। यदि यह ज्ञात हो, कि B, C से 5% अधिक वोट प्राप्त करता है, तो मतदाता सूची पर अंकित मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए, दिया गया है की मतदाता सूची के 90% मतदाताओं ने वोट दिये तथा कोई भी वोट अवैध नहीं थे।**

(1) 1,00,000
(2) 81,000
(3) 90,000
(4) 1,10,000

**Q118. किसी धन के 5% वार्षिक दर से तीन वर्ष में चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर 183 ₹ है, तो मूलधन है –**

(1) 24,000 ₹
(2) 8,000 ₹
(3) 18,000 ₹
(4) 21,000 ₹

**Q119. एक पाँसे को तीन बार फैंका जाता है। प्रत्येक बार पूर्व प्राप्त संख्या से बड़ी संख्या प्राप्त करने की प्रायिकता है –**

(1) 5/72
(2) 1/18
(3) 13/216
(4) 5/54

**Q120. एक थैली में 1 ₹ , 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के 25 : 9 : 5 के अनुपात में हैं। यदि थैली में कुल धन 2460 ₹ है, तो थैली में 50 पैसे के सिक्कों की संख्या है –**

(1) 1760
(2) 720
(3) 580
(4) 360

**Q121. एक कथन के पश्चात् चार तर्क I, II, III और IV दिए गए हैं। कौनसा (से) तर्क अधिक मजबूत है/हैं, चुनिए –**
**कथन : क्या मोटर साइकिल को चलाते समय चालक और पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनने के नियम का कठोरता से पालन करवाना चाहिए?**
**तर्क : I नहीं, प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के जीवन की रक्षा कैसे करनी है जानता है एवं इसे उसके विवेक पर छोड़ देना चाहिए।**
**II हाँ, यह नियम है और नियमों की पालना कड़ाई से सभी को करनी चाहिए।**
**III हाँ, यह आवश्यक है क्योंकि सिर शरीर का सबसे संवेदनशील/नियतंत्रक अंग है, इसे हेलमेट द्वारा सुरक्षित करना चाहिए।**
**IV नहीं, यह सिर की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करता है।**

(1) कोई तर्क मजबूत नहीं है
(2) केवल I और IV तर्क मजबूत हैं
(3) केवल II और III तर्क मजबूत हैं
(4) केवल I और II तर्क मजबूत हैं

**Q122. निम्नलिखित का अध्ययन कर प्रश्न का उत्तर दें –**
**कथन : पिछले कुछ हफ्तों के दौरान पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं।**
**कार्यवाही :**
**I सरकार को एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए जो कीमतों की प्रवृत्ति का अध्ययन करें।**
**II सरकार को पेट्रोल पर तुरंत टैक्स कम कर देना चाहिए।**
**III सरकार को सामान्य जनता को सलाह देनी चाहिए कि कुछ सप्ताह के लिए पेट्रोल खरीदने से परहेज़ करें।**
**निर्णय कीजिए की कौन सी कार्यवाही अनुसरण करती है।**

(1) केवल I
(2) केवल II
(3) केवल III
(4) इनमें से कोई नहीं

**Q123. वीरेन्द्र राजेन्द्र के पिता का लड़का है। राजेन्द्र की बुआ मंजु है। आदर्श मंजु का पति है और प्रकाश का दामाद है। प्रकाश राजेन्द्र से कैसे संबंधित है?**

(1) भतीजा
(2) पुत्र
(3) भाई
(4) दादा

**Q124. माना किसी कूट (कोड) विशेष में, TIGER को QDFHS की तरह तथा MERIT को SHQDL की तरह लिखा जाता है, तब इसी कूट (कोड) में FROZEN को इस तरह लिखा जायेगा –**

(1) MEYNQD
(2) MDEZOR
(3) MDYNQE
(4) EQNYDM

**Q125. नीचे दिए गए चित्र में, आयत पुरुषों को, त्रिभुज शिक्षितों को, वृत्त शहरी को और वर्ग सरकारी कर्मचारियों को प्रदर्शित करता है, तो निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षित पुरुष जो शहरी नहीं हैं को प्रदर्शित करता है?**

(1) 4
(2) 11
(3) 9
(4) 14

**Q126. एक कथन के पश्चात् दो निष्कंर्ष I और II दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई प्रत्येक जानकारी को सत्य मानना है, दोनों निष्कर्षों को साथ विचार करके निर्णय कीजिए कि कौनसा निष्कर्ष अनुसरण करता है।**
**कथन : आजकल माता–पिता अपने बच्चों में उत्तम विकास के लिए कुलीन शिक्षण संस्थाओं को कितनी भी फीस देने को तैयार रहते हैं।**
**निष्कर्ष : I माता–पिता पर अच्छे शिक्षण संस्थानों के माध्यम से अपने बच्चों के उत्तम विकास की धुन सवार है।**
**II आजकल सभी माता–पिता बहुत पैसे वाले हैं।**

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(3) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(4) न तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**Q127. एक कथन के पश्चात् दो पूर्वधारणायें I और II दी गई हैं। कथन और उसके पश्चात् दी गई पूर्वधारणाओं के आधार पर निर्णय कीजिए कि कौनसी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित है?**
**कथन : ललिता के पास पुस्तकों का विशाल संग्रह है और वह अपने संग्रह में सम्मिलित करने के लिए नयी पुस्तकें खरीदती रहती है।**
**पूर्वधारणायें : I ललिता ने जो पुस्तकें खरीदी हैं उसने वह प्रत्येक पुस्तक पढ़ी है।**
**II ललिता को पुस्तकों के लिए प्यार और जुनून है।**

(1) केवल I पूर्वधारणा अंतर्निहित है
(2) केवल II पूर्वधारणा अंतर्निहित है
(3) दोनों पूर्वधारणायें अंतर्निहित हैं
(4) न तो I पूर्वधारणा और ना ही II पूर्वधारणा अंतर्निहित है

**Q128. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को दावा (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।**
**दावा (A) : सही काम के लिए सही व्यक्ति का चयन सही वेतन पर चयन करने का सही दृष्टिकोण हैं।**
**कारण (R) : गलत चुना गया व्यक्ति एक दायित्व है।**
**उपरोक्त संदर्भ में, निम्न में से कौन सा एक सही है?**

(1) ‘A’ सही है लेकिन ‘R’ गलत है
(2) दोनों ‘A’ तथा ‘R’ सही हैं तथा ‘R’, ‘A’ की सही व्याख्या है
(3) ‘A’ गलत है लेकिन ‘R’ सही है
(4) दोनों ‘A’ तथा ‘R’ सही हैं लेकिन ‘R’, ‘A’ की सही व्याख्या नहीं है

**Q130. निम्न आरेख में विभिन्न अक्षरों को अंकों 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 और 9 से प्रदर्शित किया गया है, जो इस प्रकार है कि प्रत्येक “M + N + P”, “P + Q + R”, “R + S + T” और “T + U + V”, 13 के बराबर हैं। R किस अंक को प्रदर्शित करता है?**

(1) 2
(2) 4
(3) 3
(4) 1

**Q131. मार्च 2021 में, भारत ने निम्नांकित में से किस देश के साथ आपदा प्रबन्धन, सहनीयता और शमन के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये?**

(1) भूटान
(2) श्रीलंका
(3) बांग्लादेश
(4) नेपाल

**Q132. टोक्यो पैरालिम्पिक 2020 के समापन समारोह में कौनसा खिलाड़ी भारतीय ध्वज वाहक बना?**

(1) देवेन्द्र झाझरिया
(2) टेक चंद
(3) सुंदर सिंह गुर्ज़र
(4) अवनि लेखरा

**Q133. अन्तर्राष्ट्रीय एनी अवार्ड 2020 किसे प्रदान किया गया है?**

(1) अमित शाह
(2) सी.एन.आर. राव
(3) रमेश गांधी
(4) सत्यनारायण रेड्डी

**Q134. इटली ने किस देश को हराकर यूईएफए यूरो-2020 फाइनल जीता?**

(1) डेनमार्क
(2) पुर्तगाल
(3) जर्मनी
(4) इंग्लैण्ड

**Q135. निम्नांकित में से कौन 'मेराथन वॉर : लीडरशिप इन कॉम्बेट इन अफ़गानिस्तान' नामक पुस्तक का लेखक हैं?**

(1) जेफ्री श्लोसर
(2) क्रिस मूनी
(3) सैमुएल मोयन
(4) कार्टर मलकासियन

**Q136. पुस्तक "संस्कृति री सनातन दीठ" के लेखक कौन हैं?**

(1) डॉ. सत्यनारायण
(2) अर्जुन देव चारण
(3) आईदान सिंह भाटी
(4) भँवर सिंह सामौर

**Q137. राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश लागू हुआ –**

(1) 11 जनवरी, 2021 को
(2) 18 दिसंबर, 2019 को
(3) 11 जनवरी, 2020 को
(4) 18 दिसंबर, 2020 को

**Q138. आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल (SCRI) के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए –**
**(i) अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संबंध में आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन एक दृष्टिकोण है, जो एक देश की किसी अप्रत्याशित स्थिति में आयात की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने में मदद करता है।**
**(ii) यह पाँच देशों की एक पहल है, भारत उनमें से एक है।**
**सही कूट चुनिए –**

(1) केवल (i) सत्य हैं
(2) केवल (ii) सत्य है
(3) न ही (i) और ना ही (ii) सत्य है
(4) दोनों (i) और (ii) सत्य हैं

**Q139. निम्नलिखित में से कौन टोक्यो ओलम्पिक 2021 में सिल्वर पदक विजेता रहे? दिये गये कूट में से सही उत्तर का चुनाव कीजिये –**
**(A) रवि कुमार दहिया**
**(B) पी. वी. सिन्धु**
**(C) बजरंग पुनिया**
**(D) मीराबाई चानू**

**कूट –**

(1) (A) एवं (B)
(2) (B) एवं (C)
(3) (A) एवं (D)
(4) (A) एवं (C)

**Q140. कॉलेज विद्यार्थियों को डिजीटल अकादमिक सामग्री की सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार ने एक ऐप को प्रारंभ किया है। इस ऐप का नाम क्या है?**

(1) माई इज्यूकेशन लो ऐप
(2) माई क्लास लो ऐप
(3) माई बुक लो ऐप
(4) माई कोचिंग लो ऐंप

**Q141. निर्यातक बनने के आकांक्षी लोगों के लिए प्रारंभ किया गया "मिशन निर्यातक बनो" प्रवर्तित किया गया है –**

(1) उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा
(2) उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार एवं रिको (RIICO) द्वारा
(3) राजस्थानी फाउण्डेशन एवं रिको (RIICO) द्वारा
(4) रिको (RIICO) द्वारा

**Q142. तियानवेन–1 है –**

(1) चीन का अंतरिक्ष स्टेशन
(2) चीन का चंद्रमा रोवर यान
(3) चीन का अन्तर महाद्वीपीय मिसाईल
(4) चीन का अंतरिक्षयान

**Q143. सूची–I को सूची–II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –**
**सूची–I**
**(A) भाविना पटेल**
**(B) निशाद कुमार**
**(C) हरविंदर सिंह**
**(D) देवेंद्र झाझरिया**
**सूची–II**
**(i) तीरंदाजी**
**(ii) भाला फेंक**
**(iii) टेबल टेनिस**
**(iv) ऊँची कूद**
**कूट –**

(1) A–iii, B–iv, C–i, D–ii
(2) A–ii, B–iii, C–i, D–iv
(3) A–iv, B–ii, C–iii, D–i
(4) A–i, B–ii, C–iii, D–iv

**Q144. निम्नांकित में से किसने टाईम 2021 लिस्ट ऑफ 100 मोस्ट इन्फ्लूएनशियल पीपल में स्थान प्राप्त किया है?**
**(A) नरेन्द्र मोदी**
**(B) ममता बनर्जी**
**(C) अडार पूनावाला**
**(D) मंजूषा पी. कुलकर्णी**
**सही उत्तर है –**

(1) (A), (B), (C) और (D) सही हैं
(2) केवल (B), (C) और (D) सही हैं
(3) केवल (A) और (B) सही हैं
(4) केवल (A), (B) और (C) सही हैं

**Q145. 23 मार्च, 2021 को 'हंगर हॉटस्पॉट रिपोर्ट' किसके द्वारा जारी की गई?**

(1) विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)
(2) (FAO) तथा (WFP) दोनों के द्वारा साझा रूप से
(3) खाद्य और कृषि संगठन (FAO)
(4) यूनीसेफ (UNICEF)

**Q146. नज़ीब मिकाती कौन हैं?**

(1) मलेशिया के प्रधानमंत्री
(2) मिस्र के राष्ट्रपति
(3) कज़ाकिस्तान के राष्ट्रपति
(4) लेबनान के प्रधानमंत्री

**Q147. भारत का प्रथम कृषि आधारित "कुसुम" सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना को राजस्थान के किस गाँव में प्रारंभ किया गया?**

(1) चितलवाना
(2) चाणौद
(3) रानी
(4) भालोजी

**Q148. "नाबी एमजी" है –**

(1) मक्का की एक किस्म
(2) जौ की एक किस्म
(3) बाजरा की एक किस्म
(4) गेहूँ की एक किस्म

**Q149. धोलावीरा (गुजरात) हाल ही में खबरों में क्यों था?**

(1) टाइगर रिज़र्व घोषित हुआ
(2) हाल ही में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किया गया
(3) राष्ट्रीय उद्यानों की सूची में शामिल किया गया
(4) यह स्थल आतंकी हमले का शिकार हुआ था

**Q150. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस संविधान संशोधन अधिनियम को 18 अगस्त, 2021 को मंजूरी दी?**

(1) 106वाँ
(2) 107वाँ
(3) 108वाँ
(4) 105वाँ